एक नजर में

## शूटिंग चैंपियनशिप के लिए 19 फायरर्स चयनित



महू. राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली इंटर डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग प्रतियोगिता कोल्हापुर महाराष्ट्र के लिए मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय की टीम का अंतिम चयन एनसीसी ग्रुप इंदौर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संजीव कुमार के मार्गदर्शन में आर्मी मार्क्स मेंन शिप यूनिट महू में सम्पन्न हुआ. एनसीसी ग्रुप इंदौर की 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर द्वारा आयोजित इंटर ग्रुप स्पोर्ट्स शूटिंग कैम्प के कैम्प कमांडेंट कर्नल मोहन तिवारी ने बताया कि इस अंतिम चयन प्रक्रिया में बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय के कैडेट्स ने भाग लिया।उन्होंने बताया कि बहुत कठिन एवं सघन प्रशिक्षण के विभिन्न चरणों के बाद चयन समिति द्वारा कुल 19 उत्कृष्ट फायरर्स को अंतिम रूप से चयनित किया गया. आज महू की आर्मी मार्क्स मेंन शिप यूनिट में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय के एडिशनल डायरेक्टर मेजर जनरल जनरल विक्रांत एम घूमने ने सभी उत्कृष्ट कैडेट्स को इस चयन प्रक्रिया में फायरिंग की सटीकता, स्थिरता, अनुशासन और मानसिक एकाग्रता जैसे मापदंडों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश प्रदान किए. उन्होंने सभी कैडेट्स को रेंज पर बहुत प्रोत्साहित किया. इस अवसर पर एनसीसी ग्रुप इंदौर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संजीव कुमार तथा विभिन्न एनसीसी इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षकगण एवं पूर्व विजेता फायरर्स भी उपस्थित रहे. ये चयनित कैडेट्स 5 अगस्त से 19 अगस्त तक कोल्हापुर महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली इंटर डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे !सभी कैडेट्स 4अगस्त को महू से कोल्हापुर रवाना हो रहे हैं.

## नि :शुल्क दंत शिविर में 150 लोगों ने कराया परीक्षण



इंदौर. गुरु तेग बहादुर चैरिटेबल हॉस्पिटल ट्रस्ट के सौजन्य से श्री गुरु तेग बहादुर साहिबजी के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर माता गुजरी हॉस्पिटल में आयोजित किया गया, जिसमें दांतों की विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ डॉ. शोभती बजाज डॉ. वेदही दवे, डॉ माइकल प्रकाशन डॉ. सन्नी चोरसे और डॉ. गौरव मिश्रा ने अपनी सेवाएं दी. शिविर में करीबन 150 से अधिक दंत रोगियों का परीक्षण किया गया. ट्रस्टी डॉ. आर. एस. माखीजा ने बताया हॉस्पिटल में रूट कनाल, स्केलिंग, ऑर्थोडॉन्टिस्ट ओरल सर्जरी, इंप्लांट इत्यादि सभी उपचार न्यूनतम दरों पर उपलब्ध है. इस अवसर पर डॉ .अरुण पटवा, बनवारी लाल यादव, मंजीत सिंह गांधी, विनय तिवारी, रतनजीत सिंह शैरी, कमलजीत सिंह, सिस्टर प्रतिभा पांडे प्रीति कौर नरूला एवं गौरव हार्डिया उपस्थित थे.

## ओम मंगल कावड़ यात्रा का स्वागत किया



इंदौर. शनिवार को उज्जैन रोड सोल सिंदा धरमपुरी में अकुंर रिहेब सेंटर के पास ओम मंगल गुरु कांवडिए यात्रियों का क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया. यात्रा के संयोजक अध्यक्ष कमल चौधरी ने बताया कि मंगल गुरु कावड़ यात्रा महेश्वर से उज्जैन सन 1976 से अखण्ड चलने वाली मध्यप्रदेश की पहली यात्रा है. कावड़ यात्रा के धूना प्रभारी हेमराज चावड़ा ने बताया कि इस यात्रा में ओम मंगल गुरु जी के पोते छंद मंगल पैदल चल रहे हैंऔर नाती कावड मंगल आपके सारथी बनकर चल रहे हैं.

## नेशनल टैलेंट हंट एग्ज़ाम अक्टूबर में




इंदौर. आकाश ने अपने प्रमुख इनिशिएटिव एंथे 2025 (आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्ज़ाम) की शुरुआत का ऐलान किया है. एंथे 2025 का मकसद, कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्रों को चुनौतियों से लड़ने और असली प्रॉब्लम सॉल्वर बनने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना है. एंथे 2025 में स्टूडेंट्स को 250 करोड़ रुपए तक की स्कॉलरशिप दी जा रही ह. स्टेट हेड डॉ. अंकित केलात्रा ने बताया कि एंथे अब देशभर के छात्रों के लिए एक उम्मीद की पहचान बन चुका है. पिछले 16 वर्षों में हमने मेधावी छात्रों को उनके सपनों को पूरा करने का मौका दिया है, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति या लोकेशन कुछ भी हो. आकाश में हमारा मानना है कि हर छात्र में क्रिटिकल थिंकिंग, समस्याएं हल करने और बदलाव लाने की क्षमता होती है।यह परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी, जिससे देशभर के छात्रों को फ्लेक्सिबिलिटी और पहुंच मिल सके. ऑनलाइन परीक्षा 4 से 12 अक्टूबर तक होगी, जिसमें छात्र अपनी सुविधा से एक घंटे का स्लॉट चुन सकते हैं. ऑफलाइन एग्ज़ाम 5 और 12 अक्टूबर को देशभर के 415 से ज़्यादा आकाश सेंटर्स पर होगा, जो 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हैं. उन्होंने आगे कहा,इस साल से हम इन्विक्टस ऐस टेस्टभी लॉन्च कर रहे हैं, जो स्कॉलरशिप और आकाश इन्विक्टस कोर्स में एडमिशन के लिए होगा. कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों के लिए आकाश इन्विक्टस जेईई एडवांस्ड प्रिपरेशन प्रोग्राम में एडमिशन के लिए है. यह एक नेशनल-लेवल एलिजिबिलिटी-कम-स्कॉलरशिप टेस्ट है, जो 24 अगस्त, 31 अगस्त और 7 सितंबर को आयोजित होगा.

## एनएमआईएमएस ने एमबीए के लिए आवेदन आमंत्रित किए

इंदौर. परिवर्तन और अवसरों से भरे इस दौर में, एनएमआईएमएस के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट ने बड़े अरमानों वाले कामकाजी युवाओं से अपने विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त और उद्योग जगत के अनुरूप तैयार किए गए एमबीए कार्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं, जो संस्थान के पाँच परिसरों — मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, नवी मुंबई और इंदौर में उपलब्ध हैं. जीएमएसी द्वारा आयोजित एनमेट परीक्षा के माध्यम से 2026 के शैक्षणिक सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 अगस्त से शुरू होगी. स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, एनएमआईएमएस का लक्ष्य अपने उद्योग-केंद्रित एमबीए कार्यक्रमों के जरिए ऐसे एमबीए स्नातकों के साथ इस कमी को पूरा करना है, जो भविष्य के लिए तैयार हों और वैश्विक व्यावसायिक जगत में अच्छी तरह विकसित हो सकें।

## ला पिंक के मेथी दाना हेयरकेयर रेंज के साथ

इंदौर. मानसून का मौसम जहां चिलचिलाती गर्मी से राहत देता है, वहीं बालों से जुड़ी कई परेशानियां भी साथ लाता है. अत्यधिक नमी, बालों का घुंघरालापन, झड़ना और स्कैल्प में जलन जैसी समस्याएं आम हो जाती है.। ऐसे में भारत का भरोसेमंद, डर्मेटोलॉजिकली-टेस्टेड और 100% माइक्रोप्लास्टिक-फ्री फॉर्मूलेशन वाला ब्रांड ला पिंक लेकर आया है एक प्राकृतिक और प्रभावी समाधान- मेथी दाना हेयरकेयर रेंज, जिसे खासतौर पर मानसून के दौरान बालों को पोषण, सुरक्षा और नई जान देने के लिए तैयार किया गया है. भारतीय परंपरा से प्रेरित यह रेंज मेथी दाना (फेनुग्रीक) के चमत्कारी गुणों पर आधारित है, जो बालों को मजबूत करने में कारगर माना जाता है. इस रेंज में तीन प्रमुख उत्पाद शामिल हैं— मेथी दाना हेयर ऑयल, मेथी दाना शैम्पू और मेथी दाना कंडीशनर, जो मिलकर मानसून के सबसे नमी भरे दिनों में भी सम्पूर्ण हेयर केयर प्रदान करते हैं.

# 29 गांव के सीवरेज से नदियां प्रदूषित : संजय दुबे

▸ अतिरिक्त मुख्य सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक




नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में नाला टेपिंग का काम अच्छे से किया जा रहा है, लेकिन 29 गांव के सीवरेज के कारण नदियां प्रदूषित हो रही है. सीवरेज का निराकरण करने की योजना पर काम कर रहे है, इसके लिए अधिकारियों को सुझाव देने का निर्देश दिए है.**

यह बात प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे ने आज कही. प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव और नगरीय प्रशासन एवं विकास के प्रमुख संजय दुबे ने आज आईडीए सभागृह में शहर के अधिकारियों की बैठक ली. बैठक मुख्य रूप से इंदौर के मास्टर प्लान को लैंड बुलाई गई थी. बैठक में नगर निगम, आईडीए, टीएनसीपी और अन्य विकास एजेंसियों के अधिकारी मौजूद थे. बैठक के बाद दुबे ने मीडिया से कहा कि इंदौर ब्रांड बन चुका है. अब कोई भी योजना भविष्य और दूरगामी समय के लिए बनाना चाहते है. इसमें इंदौर को झुग्गी बस्ती विमुक्त, ऊर्जा दक्षता, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए तैयार की जाएगी. तक इंदौर का देश में हर मामले में उदाहरण प्रस्तुत हो. उन्होंने बताया कि हमारा ध्यान इस योजना पर है कि एक बूंद भी गंदा पानी नदियों और दूसरे शहर में नहीं जाएं.

यह उज्जैन सिंहस्थ को ध्यान में रखकर योजना बनाने के लिए अधिकारियों से कहा है कि जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर सुझाव ले, तक दूरगामी योजना बना सके. दुबे ने बताया कि हमने सभी से कहा कि काम खर्च में से के स्रोत बढ़ाना है. आगामी 11-12 तारीख को राज्य स्तरीय बैठक में अंतिम निर्णय लेकर योजना लागू करने की कारवाई करेंगे.

### इंदौर को चुनौतियों को स्वीकर करना होगा

एसीएस संजय दुबे ने कहा कि इंदौर को ऐसी चुनौतियों को भी स्वीकार करना होगा, जो शासन की योजनाओं में शामिल नहीं है. इसके पीछे इंदौर के ग्रोथ और नगर निगम अधिकारियों और महापौर का लगातार नवाचार कर आधुनिक तकनीक से लैस करना है. साथ ही पिछले कुछ सालों नगर निगम ने बहुत अच्छे काम किए है, जिसके कारण इंदौर के ब्रांड वैल्यू बनी है.

## 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की राजस्व हानि, लोकायुक्त को शिकायत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम की पूर्व प्रभारी अपर आयुक्त और गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों के खिलाफ ईओडब्ल्यू में शिकायत की गई है. शिकायत हुकुमचंद मिल की जमीन की रजिस्ट्री 10 करोड़ रुपए से ज्यादा के स्टांप ड्यूटी नहीं चुकाने और शासन को राजस्व हानि पहुंचाने को लेकर की गई है.**

मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एड्वोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी ने हुकुमचंद मिल की रजिस्ट्री में स्टाम्प ड्यूटी चोरी के मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू में की है. द्विवेदी ने बताया कि उच्च न्यायालय ने हुकुमचंद मिल की सभी देनदारियों की गणना कर मिल की जमीन की कीमत 426 करोड़ रुपए आंकी थी. हुकुमचंद मिल जमीन की रजिस्ट्री इंदौर नगर निगम ने गृह निर्माण मंडल को 218 करोड 64 लाख 97000 कीमत गाईडलाइन से मूल्यांकन करके की गई. इस पर 20 करोड़ 77 लाख से अधिक की स्टाम्प ड्यूटी चुकाई है. नियमानुसार 207 करोड़ रुपए 35 लाख से अधिक पर भी स्टाम्प ड्यूटी 5.1% अनुसार चुकानी थी जो नहीं चुकाई गई.

### संपत्ति विवरण सही नहीं दिया

द्विवेदी ने बताया कि रजिस्ट्री में संपत्ति विवरण भी सही सही नहीं दिया गया है. संपत्ति विवरण में 4 कुंए, 1 बड़ा तालाब, पुराना जीर्ण-शीर्ण दफ्तर, सड़क, हजारों पेड़ पौधे का भी उल्लेख नहीं किया गया है. संपत्ति का विवरण सही सही दिया गया है यह शपथपत्र विक्रेता देता है.

उपरोक्त मामले में नगर निगम अधिकारियों ने गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों साथ सांठगांठ कर 10 करोड़ रुपए से अधिक की स्टाम्प ड्यूटी काम चुकाकर शासन को राजस्व हानि पहुंचाई है. उक्त राजस्व हानि मामले को लेकर नगर निगम की तात्कालीन उपायुक्त लता अग्रवाल तथा गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों पर सरकार को 10 करोड़ 57 लाख 45 हजार रुपए से ज्यादा की स्टाम्प ड्यूटी चोरी के गई है. सरकार को राजस्व हानि पहुंचाने के लिए उक्त अधिकारियों की राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को शिकायत की गई है.



## रिद्धेश ने इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीता

**इंदौर. एलन इंदौर के छात्र रिद्धेश बेंडाले ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाते हुए इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड 2025 में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है. यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि रिद्धेश बेंडाले मध्य प्रदेश से आईपीएचओ में गोल्ड मेडल जीतने वाले एकमात्र छात्र हैं.**

इस वर्ष की प्रतियोगिता 18 से 24 जुलाई तक फ्रांस में आयोजित की गई, जिसमें 87 देशों के 415 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया.

भारत की टीम ने इस वर्ष शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल अपने नाम किए, जिसमें से एलन के 2 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल हैं। रिद्धेश बेंडाले की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने देश और प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है. इस उपलब्धि पर रिद्धेश के पिता अनंत बेंडाले ने बताया कि मेरे बड़े बेटे अथर्व बेंडाले ने वर्ष 2022 में एलन इंदौर में अध्ययन करते हुए जेईई एडवांस्ड में आआईआर 128 प्राप्त की थी. अब यह सफलता हासिल की है. कमल शर्मा सेंटर हेड एलन इंदौर ने कहा रिद्धेश की यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल एलन की उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली का प्रमाण है, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश और भारत के लिए गौरव का विषय है. एलन के ज़ोनल हेड डॉ. विपिन योगी ने कहा यह उपलब्धि दर्शाती है कि समर्पण, मार्गदर्शन और छात्रों की कड़ी मेहनत से वैश्विक मंच पर भी सफलता संभव है.

# पालदा से आरटीओ कार्यालय सड़क निर्माण का भूमिपूजन

## करीब 4 किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी 7 .40 करोड़ में

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आखिरकार लंबे इंतजार के बाद पालदा तिराहे से आरटीओ कार्यालय और बायपास तक सड़क निर्माण पा भूमिपूजन हो गया. यह सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा करीब 4 किलोमीटर लंबी और 104 फीट चौड़ी बनेगी. सड़क चौड़ाई की मांग नगर निगम ने मंजूर कर ली है. हालांकि अभी यह सड़क 24 फीट चौड़ी ही बनेगी.**

राऊ विधानसभा की बहुप्रतीक्षित आरटीओ कार्यालय जाने वाली सड़क निर्माण का आज मुहूर्त आ ही गया. आज सुबह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक मधु वर्मा और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निर्माण कार्य शुरू करने से पहले भूमिपूजन किया. उक्त सड़क पीडब्ल्यूडी द्वारा 7.40 करोड़ रुपए से 3.80 किलोमीटर लंबी बनाई जाएगी. उक्त सड़क को 104 बनने की विधायक ने मांग की थी, जिसे महापौर ने नगर निगम की ओर से मंजूरी देने का भरोसा दिया. अभी उक्त सड़क 24 चौड़ी ही बनेगी. बाद में एमआईसी से राशि मंजूर होने पर सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा. विधायक मधु वर्मा ने कहा कि हमारा संकल्प है कि राऊ विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो और क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क, बिजली, पानी और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों.इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक विशाल पटेल, किसान मोर्चा मंत्री रवि रावलिया, एमआईसी सदस्य अभिषेक बबलू शर्मा, एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा सहित भाजपा के कार्यकर्ता एवं स्थानीय रहवासी मौजूद थे.



### इंदौर के लिए मैं किसी से भी झगड़ लेता हूं : विजयवर्गीय

राऊ विधानसभा में पालदा तिराहे से आरटीओ कार्यालय बायपास सड़क के भूमिपूजन अवसर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर मेरी कमजोरी है. मैं इंदौर के लिए किसी से भी झगड़ लेता हूं, फिर चाहे मुख्यमंत्री हो या कोई बड़ा मंत्री. इंदौर के लिए कुछ भी कर सकता हूं. इंदौर ने मुझे देश और प्रदेश में पहचान दी है तो उसका कारण है यहां के लोगों का प्रेम और आशीर्वाद. इंदौर से 5-6 दिन बाहर रहते ही तलब लगती है कि इंदौर जाना है बस. इंदौर ने मुझे बहुत कुछ दिया है, उसे में कभी नहीं भूल सकता और मेरे काम को भी जानता उतना ही याद रखती है. मुझे बताती है कि यह काम मेरे महापौर कार्यकाल में हुआ था.

# जागरूक रहें और सायबर अपराध से सुरक्षित रहें : डॉ. कपूर

▸ ब्लैक रिबन इनिशिएटिव संकल्प अभियान के तहत 821वीं कार्यशाला संपन्न

**इंदौर. ब्लैक रिबन इनिशिएटिव संकल्प अभियान के तहत जाने सायबर विशेषज्ञ पुलिस महानिदेशक डॉ. वरूण कपूर की सायबर सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर 821वीं कार्यशाला आईआईटी इंदौर में आयोजित की गई.** कार्यशाला में आईआईटी, इंदौर के 1080 छात्र-छात्राओं एवं 250 व्याख्याताओं ने भाग लिया. कार्यशाला में मुख्य रूप से आईआईटी इंदौर के डायेक्टर प्रो. सुहास जोशी, डीन स्टूडेंट अफेयर्स प्रो. अमोद उमरिकर, रजिस्ट्रार एस.पी. होता एवं ज्याइंट रजिस्ट्रार कमांडर सुनील कुमार उपस्थित रहे.

डॉ. कपूर द्वारा सायबर अटैक की घटनाओं का जिक्र करते हुये आगाह किया कि इस तरह की घटनाओं का शिकार होने से बचना है तो आपको अपनी जानकारी को सुरक्षित रखना होगा. इसके लिये आपको जानकार एवं जागरूक बनना होगा. दूसरों को साईबर खतरों से बचाने की कोशिश से पहले आपको स्वयं को सुरक्षित करना होगा. सायबर अपराध कभी भी, किसी के साथ भी और किसी भी तरह से हो सकता है. इसके लिये आपको तैयार रहना बहुत जरूरी है. सुरक्षा ही प्रगति की नींव है. जहाँ तक सावधानी बरतने की बात है, सही तकनीकों का इस्तेमाल करना अल्पकालिक समाधान है, लेकिन एक मजबूत मानसिकता ही स्थायी होती है. आपकी सोच एवं व्यवहार ही आपको सायबर खतरे से बचाने में अहम भूमिका अदा करता है. सायबर अपराधों के बढ़ते दायरे को देखते हुये आपको अत्यधिक सावधानी बरतना होगी. शासन एवं संस्थाएं अपने-अपने स्तर पर सभी को सावधान एवं जागरूक बनाने का लगातार प्रयास करती है इसके बावजूद लोग सायबर अपराध का शिकार बन जाते हैं. इसका मुख्य कारण सतर्कता एवं जागरूकता की कमी. यदि आपके साथ सायबर अपराध की कोई भी घटना होती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें रिपोर्ट दर्ज करायें.



### छात्र- छात्राओं के प्रश्नों का समाधन

छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का समाधान डॉ. कपूर द्वारा सहजता से किया गया. कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दो छात्रों क्रमशः अमन कुमार एवं तीर्थांकर सिंह को डॉ. कपूर ने प्रमाण-पत्र व गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित किया. कार्यशाला के समापन पर आईआईटी के डायरेक्टर प्रो. सुहास जोशी ने स्मृति चिन्ह एवं प्रो. अमोद उमरिकर ने प्रमाण पत्र डॉ. वरूण कपूर को भेंट किया. सेमिनार के सफल संचालन में सहायक सेनानी नीति दण्डोतिया, पूनम राठौर एवं उनकी टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.



## धर्मशाला में शेड निर्माण का भूमि पूजन

नवभारत न्यूज

**इंदौर. श्री औदुम्बर ब्राह्मण महासभा भवन- धर्मशाला में टीन शेड निर्माण हेतु विधायक गोलू शुक्ला ने भूमि पूजन संपादित किया. उनके साथ वार्ड 62 की पार्षद रूपा दिनेश पांडे, वार्ड मंडल आशीष शर्मा, बूथ क्रमांक 109 अध्यक्ष उमेश दुबे विशेष रूप से उपस्थित थे.** भूमि पूजन पंडित रविंद्र पुराणिक द्वारा कराया गया. कार्यक्रम में समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए मंच पर विराजित थे. श्री औदुम्बर ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ अध्यक्ष प्रदीप जोशी, महासचिव उमेश द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार, संरक्षक महासंघ सतीश जोशी एवं अभिभाषक योगेश द्विवेदी. अतिथियों का स्वागत सर्वश्री ओम प्रकाश दुबे, शैलेंद्र शर्मा, आशुतोष पुराणिक, दिलीप दुबे एवं राखी दुबे आदि द्वारा किया गया. विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि 15 दिनों के भीतर ही शेड बना दिया जाएगा. इस मौके पर बड़ी संख्या में सामाजिक बहन भाई व भाजपा के कार्यकर्ता, महिला पुरुष उपस्थित थे. संचालन किया प्रदीप जोशी ने. आभार माना युवा सामाजिक कार्यकर्ता मोहित पुराणिक ने.




## सड़क सुरक्षा पर संवाद का आयोजन

**इंदौर. एसकेआरपी गुजराती होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज में में एक इंटरएक्टिव सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों की जागरूकता को लेकर गंभीर चर्चा हुई.**

इस कार्यक्रम में ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हेमंत मंडोवरा तथा विशेषज्ञ डॉ. लवेश अग्रवाल ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और दुर्घटनाओं की गंभीरता तथा उनके बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला.

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कार्यपरिषद सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी, ने इस अवसर पर सड़क दुर्घटनाओं पर अपने अनुभव साझा किए और यह बताया कि ज़ेब्रा क्रॉसिंग पर वाहन रोकना अनिवार्य है. रेड लाइट पार करना न केवल कानून तोड़ना है, बल्कि यह जीवन से भी खिलवाड़ है. हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग जीवन रक्षक बन सकता है. ट्रैफिक नियमों का पालन करना केवल कानूनी जिम्मेदारी नहीं, नैतिक कर्तव्य भी है. यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत शिक्षाप्रद रहा और उन्होंने इसे केवल एक भाषण नहीं, बल्कि जीवन की दिशा बदलने वाला संवाद माना.

एक नजर में ▸ कूल कॉन्क्लेव 2.0 का हुआ समापन

## नेट जीरो गोल हासिल करने वालों को मिला सम्मान

**इंदौर. इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स (इशरे) द्वारा आयोजित कूल कॉन्क्लेव 2.0 शनिवार को संपन्न हुई. तीन दिवसीय इस आयोजन में देशभर से आए 1500 से अधिक डेलीगेट्स और अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबल डेवेलपमेंट से जुड़ी नई तकनीकों व प्रोडक्ट्स पर चर्चा की. समापन सत्र में नेट जीरो गोल प्राप्त करने वाले 15 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया.**

कुलकॉन्क्लेव की कोकन्वीनियर सूजल शाह ने कहा कि कुल 155 प्रतिभागियों में से 15 को विभिन्न पैरामीटर्स पर परखकर अवार्ड दिया गया। ज्यूरी में प्रख्यात आर्किटेक्ट हाफिज कांट्रेक्टर, भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से डॉ. अनिता गुप्ता, वर्ल्ड ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल एशिया-पैसिफिक क्षेत्र के अध्यक्ष जेफ ओटमैन और 'सोलर मैन ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध चेतन सोलंकी शामिल थे. अवार्ड चेयर डॉ. अंशुल गुजराती ने बताया कि प्रवीण मसाले के डायरेक्टर को वेस्ट मैनेजमेंट पार्क डिजाइन करने के लिए सम्मानित किया गया. इस पार्क में 55 तरह के कचरे को अलग-अलग सेग्रीगेट कर उनका ट्रीटमेंट किया जाता है.



### प्रशासन के साथ करेंगे सहयोग

कूल कन्क्लेव चेयर पर्सन पंकज धारकर ने बताया कि इस तीन दिनी आयोजन के दौरान हमने पर्यावरण को सुरक्षित रखने और कार्बन न्यूट्रल रहने की पूरी कोशिश की है. हमारे कार्बन फुटप्रिंट का हिसाब रखने के लिए हमने एक एजेंसी को हायर किया था ताकि हम अपने कार्बन एमिशन को न्यूट्रल कर पाएं. को-चेयर पर्सन निशांत गुप्ता ने कहा कि देश की सबसे बड़ी कार्बन न्यूट्रल कॉन्क्लेव में देश भर के 1500 से ज्यादा डेलीगेट्स शामिल हुए और इसे सफल बनाया है. इंदौर चैप्टर के अध्यक्ष अंकुश झंवर और इशरे इंदौर के सचिव मनीषराज त्रिपाठी कहते हैं कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में इंदौर पहले ही कई रिकॉर्ड बना चुका है, यही वजह है कि इस कॉन्क्लेव को हमारे शहर में आयोजित किया गया. अब हम प्रशासन के साथ मिलकर इस कॉन्क्लेव से जुड़े मुख्य बिंदुओं को इंदौर में अपनाने पर काम करेंगे. मिलिंद इंगोले ने बताया कि इस कॉन्क्लेव की सफलता से शहर को कई नई सौगाते मिलने जा रही है, जिसे जल्दी ही आप ग्राउंड वर्क के रूप में देखेंगे.